# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़
# MAHARAJA SUHEL DEV UNIVERSITY, AZAMGARH
Website: www.msdsu.ac.in


पत्रांकः 9565 / कु०का० / 2026 दिनाँकः 14 / 08 / 2026

## आवश्यक सूचना

## पाठ्यक्रम सत्र 2026–27 में प्रवेश सम्बन्धी सूचना

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों (सत्र 2026–27) में प्रवेश हेतु दिनांक 12.08.2026 तक तिथि विस्तारित की गई थी। छात्र–छात्राओं के हित में मा० कुलपति जी के आदेशानुसार प्रवेश की तिथि दिनांक 20 अगस्त, 2026 तक विस्तारित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात् प्रवेश हेतु पुनः तिथि का विस्तारण नहीं किया जायेगा।

महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं पात्र अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि (20 अगस्त, 2026) तक आवेदन–पत्र भरने एवं प्रवेश सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध समर्थ पोर्टल के लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

14/8/26
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी / सहायक कुलसचिव।
3. प्राचार्यगण समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आज़मगढ़ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को देने का कष्ट करें।
4. मीडिया प्रभारी को इस आशय से कि उपर्युक्त सूचना छात्र हित में समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी एजेंसी को इस आशय से कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव